मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 75, मुंबई, शनिवार, 11 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

अरविंद केजरीवाल को 51 दिन बाद राहत

सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम बेल, 1 जून तक बाहर रह सकेंगे

जेल से निकलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं हनुमान जी के चरणों में वंदना करना चाहता हूं, हनुमान जी के आशीर्वाद से आप सबके बीच हूँ। हम सबको मिलकर तानाशाही से देश को बचाना है, मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं और तानाशाही से संघर्ष कर रहा हूं 140 करोड़ लोगों को भी तानाशाही से लड़ना पड़ेगा

दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी। केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। पीठ ने कहा कि चुनावों से 48 घंटे पहले हम केजरीवाल को पर्याप्त समय दे रहे हैं। केजरीवाल के चुनाव प्रचार पर कोई पाबंदी नहीं है। लेकिन उन्हें दो जून को सरेंडर करना होगा। तिहाड़ से जुड़े सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत मिलने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर ट्रायल कोर्ट जाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

मीरा-भायंदर की स्वरा शिंगारे ने आईसीएसई दसवीं में 99.20 प्रतिशत अंक लाकर पूरे शहर का नाम किया रोशन

मुंबई हलचल/संवाददाता

ठाणे। मीरा-भायंदर की रहने वाली स्वरा शिंगारे ने आईसीएसई दसवीं में 99.20 प्रतिशत अंक लाकर पूरे शहर व मीरा-भायंदर का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय एल. दूबे ने स्वरा शिंगारे की तारीफ करते हुए कहा कि मीरा-भायंदर ही नहीं पूरे मुंबई और महाराष्ट्र को आप पर नाज है बेटा। बता दें कि स्वरा शिंगारे डॉ. अजय एल. दूबे के मित्र और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री वैभव शिंगारे की बड़ी बेटी हैं। स्वरा की सफलता में जहां उसकी खुद की मेहनत, गुरूजनों का मार्गदर्शन है, वहीं उनके माता-पिता की अहम भूमिका है। डॉ. अजय एल. दूबे ने अपने पूरे परिवार की तरफ से स्वरा शिंगारे को उज्जवल भविष्य की ढेरों आशीर्वाद, शुभकामनाएं और बधाई दी।

15 करोड़ की कोकीन निगल गया अफ्रीकी यात्री

एयरपोर्ट पर खुला राज

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। कोकीन की तस्करी करने वाले एक यात्री को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसके पेट से अधिकारियों ने 77 कैप्सूल में 15 करोड़ की कोकीन बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पिछले कुछ दिनों में विदेश से मादक पदार्थों की तस्करी की घटना के बाद डीआरआई अधिकारियों ने हर यात्री के साथ-साथ उसके सामान की भी गहन जांच शुरू कर दी थी। जब यह ऑपरेशन चल रहा था, तभी डीआरआई अधिकारियों को सूचना मिली कि करोड़ों रुपये की ड्रग्स की तस्करी विदेश में की जा रही है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण का बड़ा बयान

महाराष्ट्र में ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी बीजेपी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दो गुटों में बंट चुकी है। एनसीपी का एक गुट शरद पवार) के साथ है और दूसरा गुट अजीत पवार के साथ है। इसी तरफ शिवसेना में भी दो फाड़ होने के बाद एक गुट एकनाथ शिंदे का तो दूसरा गुट उद्धव ठाकरे का है। अब लोकसभा चुनाव के बीच इसी से जुड़ा एक सवाल कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण से पूछा गया कि क्या इस विभाजन का फायदा भाजपा को मिलेगा? शिवसेना और एनसीपी में विभाजन पर चव्हाण ने कहा कि यह नैतिक भ्रष्टाचार था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

सिर्फ आचार संहिता काफी नहीं है

इतिहास गवाह है कि सख्त से सख्त कानून भी अपराध नहीं रोक सका है। जितने कानून बनते हैं उतने ही रास्ते उन कानूनों से बचने के भी बनते हैं। दुनिया भर में कानूनों को लेकर जितनी कहावतें, मुहावरे हैं उतनी शायद ही किसी और चीज को लेकर बनी हों। उनमें भी सबसे अच्छी कहावत यह है कि शो मी अ मैन, आई विल शो यू द लॉ। इसी से मिलती जुलती हिंदी कहावत यह है कि कानून के समक्ष सब समान होते हैं लेकिन कुछ लोग ज्यादा समान होते हैं। यानी कानून पर अमल व्यक्ति को देख कर होता है। गौरतलब है कि अभी देश में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं और लगभग हर दिन किसी न किसी नेता के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत चुनाव आयोग को भेजी जा रही है। प्रधानमंत्री के खिलाफ भी आयोग से शिकायत की गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भी खिलाफ भी शिकायत हुई। लेकिन तीन हफ्ते के बाद भी कार्रवाई का अता पता नहीं है। हर चुनाव में प्रधानमंत्री के भाषण को लेकर शिकायतें मिलती हैं लेकिन आयोग या तो चुप्पी साध लेता है या शिकायतों को रफा दफा कर देता है। अब तो चुनाव आयोग ने कार्रवाई करने से बचने का एक रास्ता यह निकाल लिया है कि अगर कोई स्टार प्रचारक आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उस पर पार्टी अध्यक्ष से जवाब मांगा जाएगा। इस नए नियम के तहत प्रधानमंत्री के खिलाफ मिली शिकायत पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को और राहुल गांधी के खिलाफ मिली शिकायत पर मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेजा गया है। हालांकि यह तय नहीं है कि कार्रवाई किस पर होगी? क्या प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत सही मिलती है तो जेपी नड्डा को 24 घंटे या 48 घंटे के लिए भाषण देने से रोका जाएगा? और राहुल के मामले में कार्रवाई खड़गे पर होगी? बहरहाल, खड़गे की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है लेकिन भाजपा ने जवाब देने के लिए और समय मांग लिया है। इस बीच तीन चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। वैसे भी चुनाव आयोग के पास ज्यादा कुछ अधिकार होता नहीं है और यही कारण है कि उसकी आचार संहिता का पालन करने की जरुरत कोई नहीं समझता। उनको पता है कि चुनाव आयोग कुछ नहीं कर सकता है। ज्यादा से ज्यादा किसी नेता को एक दो दिन चुनाव प्रचार से रोक देगा। तभी सवाल है कि क्या आचार संहिता को खत्म कर दिया जाना चाहिए? यह सवाल इसलिए है क्योंकि चुनाव की आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन होता है लेकिन जो आधिकारिक दस्तावेज होंगे उनमें दिखाया जाएगा कि सब कुछ नियम के मुताबिक हुआ है। यही से हिप्पोक्रेसी और राजनीति के भ्रष्ट होने की शुरूआत होती है। चुनाव आयोग कहता है कि तीन से ज्यादा गाड़ियां लेकर कोई नामांकन करने नहीं जाएगा। उम्मीदवार आधिकारिक रूप से तीन गाड़ियों की अनुमति लेगा लेकिन उसके जुलूस में सैकड़ों गाड़ियां होंगी। इसी तरह पांच हजार लोगों की रैली करने की जहां अनुमति होगी वहां 50 हजार लोग जुटेंगे तब भी कहा जाएगा कि सब नियम के मुताबिक हुआ।

कानपुर में गरजीं मायावती - पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती भाजपा और कांग्रेस

मुंबई हलचल/संवाददाता

कानपुर। चल रहे लोकसभा चुनाव में जीत के लिए मतदाताओं को रिझाने के क्रम में आज शुक्रवार को रमईपुर स्थित मगरासा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि इस बार अगर ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो निश्चित रूप से परिणाम बढ़िया आने वाले हैं। वह यहां कानपुर से प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया व अकबरपुर के प्रत्याशी राजेश द्विवेदी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा के नमक खाकर वोट देने मुद्दे को उठाते हुए कहा कि यह मुक्त राशन जनता का हक है। यह आपके पैसे से ही आपको खिलाकर वोट अपने पक्ष में लेने का प्रलोभन दिया जा रहा है। इसलिए 13 को जब वोट देने जाएं तो सतर्क रहें।
चौथे चरण के मतदान से तीन दिन पहले मायावती ने यह भी कहा कि बीजेपी के

अच्छे दिन के वादे हवा हवाई रह गए। अन्य पार्टियों आरक्षण को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। उनकी नीतियों से समाज का गरीब और किस वर्ग परेशान है। गलत आर्थिक नीतियों से व्यापारी वर्ग भी परेशान चल रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की आड़ में मुस्लिम समाज का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि हमारी पार्टी मुस्लिम संत और ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और अन्य पार्टी बड़े-बड़े उद्योगपतियों को पैसे लेकर उन्हें राज्यसभा और विधान परिषद भेजती है। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण का विरोध करती रही है। अब भाजपा भी उसी तर्ज पर चल रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस के लोग किस मुंह से कहते हैं कि वह आरक्षण के हितैषी हैं दलित पिछड़े और आदिवासी के हिमायती बना सिर्फ वोट की राजनीति है। बसपा प्रमुख मायावती ने भाजपा ने कभी भी संविधान के हिसाब से आरक्षण देने का कार्य नहीं किया है। भाजपा सत्ता में है फिर भी ब्राह्मण समाज का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है जिससे यह समाज दुखी है। उन्होंने चुनावी मंच से यह भी कहा कि अगर ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो चुनावी नतीजे कुछ और होंगे। उन्होंने जनता को एग्जिट पोल से सतर्क रहने के लिए कहा और इसके झांसे में नहीं आने की बात कही। उन्होंने यह कहा कि बसपा सर्वजन हिताय पर सरकार चलाएगी। दलित और आदिवासी के पिछड़ों की सुरक्षा और उत्थान के लिए कार्य करेगी। मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यह दोनों पार्टियां पूंजीपतियों से चंदा लेकर चलने वाली सरकार हैं। जबकि बसपा ऐसा नहीं करती है। मायावती ने कहा कि बीएसपी कार्यकर्ताओं के सहयोग और जन्म दिन के मौके पर जो थोड़ा-थोड़ा पैसा एकत्र होता है। वहीं पैसा पार्टी में खर्च होता है। जबकि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती हैं।

जो अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा में बहाल करने का वायदा करेंगे मधुबनी लोकसभा का सांसद उसी को बनाया जाएगा

मुंबई हलचल/संवाददाता

मधुबनी। जो अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा में बहाल करने का वायदा करेंगे और नौकरी को बचाएंगे मधुबनी लोकसभा का सांसद उसी को बनाया जाएगा में मोहम्मद सालीम इमानी मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के ईमानदार और समाजसेवी पुर्व वार्ड कमिश्नर मोहम्मद अब्दुल कलाम शकील आजाद साहब मरहूम के पुत्र मोहम्मद सालीम अबुल कलाम शकील इमानी पूर्व शिक्षक मदरसा इस्लाहे ईमानो अमल का कहना है कि मधुबनी लोकसभा का सांसद वही बनेगा जो अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा में लाएगा और नौकरी को बचाएगा मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के तमाम प्रतिनिधियों को मालूम हो कि बिहार हुकूमत के मोहकमा तालीम के अफसरान ने अप्रशिक्षित शिक्षकों को पुरक परीक्षा लेने के बजाय उन्हें नोकरी से हटाने का आदेश जारी करके हजारों खानदान की रोजी-रोटी पर जुल्मों सितम का पहाड़ ढाह दिया है अप्रशिक्षित शिक्षकों का

खानदान अचानक नोकरी से हटाए जाने से डिप्रेशन का शिकार है कई घरों के चुल्हे बुझ गए अप्रशिक्षित शिक्षकों के परिवार के बीमारों के लिए इलाज में कठिनाई झेलना पर रहा है जिस के वजह से कई अप्रशिक्षित शिक्षकों अल्लाह के प्यारे होगए और कई अप्रशिक्षित शिक्षकों तनाव और जानलेवा बीमारी से झुझ रहे हैं हम किस दौड़ में जी रहे हैं क्या बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर का आईन इस बात की इजाजत देता है कि 15 साल से बहाल अप्रशिक्षित शिक्षक के खानदान का रोजगार छीन लिया जाए बिहार सरकार ने इतने खानदान के बच्चों को कहां धकेल दिया उन्हे नक्सलाइज्ड बनने पर मजबूर किया जा रहा है जब अप्रशिक्षित शिक्षकों के उन बच्चों को पैसे की कमी की वजह से खाना दवाई और तालीम बंद हो गई है तो फिर उनका क्या बनेगा कम से कम तालीम याफता नहीं बनेगा गलत रास्ते पर चलना और मोआसरे और मुल्क के लिए चैलेंज बन जाएगा एक तरफ जहां बिहार सरकार तालीम सेहत और नौकरी की बात करती है वहीं दूसरी तरफ बच्चों की तालीम और दवा भी छीनी जा रही है मो सालिम अबुल कलाम शकील इमानी ने कहा की मुल्क की अदालाते आजमी ने हजारों मुकद्दमात में पालिसी फैसला सुनाते हुए कहा की किसी परिवार की बहाली के बगैर उन की रोजी रोटी और जुल्म और ज्यादती नही की जा सकती बिहार सरकार को चाहिए कि अपारशिक्षित शिक्षकों को सेवा में बहाल रखते हुए उनको पूरक परीक्षा कढ़ाई जाए और नहीं तो इन शिक्षकों को दूसरे विभाग में बहाल किया जाना चाहिए जैसा के पहले कई राज्य ने किया है आज लोकसभा चुनाव जारी है तमाम अप्रशिक्षित शिक्षकों को मिलकर यह फैसला लेना चाहिए कि इस नौकरी को बरकरार रखने के लिए वैसे सांसदों को हम लोग मिलकर चयनित करें के सेवामुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों को नौकरी में बहाल करा दें लेकिन अफसोस उस समय होता है जब यहां के जनप्रतिनिधि हम लोगों के साथ वायदा करके धोखेबाजी करते हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal https://twitter.com/MumbaiHalchal

शिंदे का ठाणे, कल्याण में सब कुछ दांव पर

मुंबई हलचल/ संवाददाता

मुंबई। ठाणे, भिवंडी और कल्याण मुंबई के उपनगर हैं। महा-महानगर का विस्तार हैं और उसका लघु स्वरूप भी। ये सब अपने-आप में अलग बड़े शहर बनते जा रहे हैं - मुंबई की तरह ट्रैफिक की समस्याएं, ऊंची-ऊंची इमारतें, माल और महंगे स्कूल। भारत के कई हिस्सों - मुख्यतः उत्तरप्रदेश, राजस्थान तथा गुजरात - के बहुत से लोग यहां रहते हैं, और हर दिन इनमें नए लोग जुड़ते जा रहे हैं। सभी तरफ निर्माण हो रहा है - फ्लाईओवर, हाईवे, मेट्रो और गगनचुम्बी इमारतें बन रही हैं। बंबई से ठाणे या कल्याण जाना हो तो आपकी यात्रा चींटी की गति से ही हो पाती है। धूल, धुएं और गर्मी के बीच चुनावी माहौल आसपास के अन्य इलाकों जैसा ही है। सब कुछ धुंधला है और ढेर सारा कन्फ्यूजन है। लोकसभा की इन तीन सीटों में ठाणे को शिवसेना का गढ़ माना जाता है। और ऐसा जिस व्यक्ति की वजह से मुमकिन हुआ वे थे आनंद दिघे। शिवसेना को शुरूआती राजनैतिक कामयाबी यहीं तब मिली थी जब सन 1967 में हुए नगरपालिका निगम के चुनाव में उसने 40 में से 17 सीटों पर जीत हासिल की और वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। एक समय था जब दिघे ठाणे

के बेताज बादशाह थे। वे जनता की मदद करते थे और उनका जनता और उसकी समस्याओं के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी था इसलिए उन्हें जबरदस्त समर्थन और सम्मान मिलता था। वे अपने समय में बहुत लोकप्रिय थे, लेकिन बालासाहेब की तरह, दिघे साहेब ने भी (उन्हें स्नेह से इस नाम से ही संबोधित किया जाता था) कभी चुनाव नहीं लड़ा। और बालासाहेब की तरह, जिनके मुंबई के आवास 'मातोश्री' के दरवाजे हमेशा मदद चाहने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए खुले रहते थे, दिघे भी हर दिन शाम अपने घर पर जनता दरबार लगाते थे। मेरी मुलाकात ऐसे दो स्थानीय निवासियों से हुई - जो उस समय युवा या किशोर थे - लेकिन जिनके मन में दिघे के समय की मधुर यादें अभी भी ताजा हैं। आनंद आशाराम सन 2001 में दस साल के थे जब आनंद दिघे की मृत्यु हुई। उन्हें वह सब याद है जो उनके माता-पिता ने दिघे द्वारा लोगों की मदद करने, उनकी समस्याओं को हल करने के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया था। दिघे समर्थक एक शासकीय कर्मचारी बताते हैं कि किस जिंदादिली के साथ साहिब ने ठाणे को अपना और शिवसेना का मजबूत किला बनाया था। आज ठाणे में लड़ाई दिघे साहेब और बालासाहेब की विरासत के बीच है। यह चेलों की लड़ाई है। एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से खडे हुए राजन विचारे दोनों दिघे के शिष्य थे। एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने ठाणे के पूर्व महापौर नरेश म्हस्के को उम्मीदवार बनाया है लेकिन यहां लड़ाई वास्तव में शिंदे और विचारे के बीच है। भाजपा इस सीट से पूर्व सांसद संजीव नाईक को गठबंधन का उम्मीदवार बनाना चाहती थी लेकिन शिंदे ने जोर लगाकर यहां से अपनी पार्टी का उम्मीदवार मैदान में उतारने में कामयाबी हासिल की। शिंदे के लिए यह सीट प्रतिष्ठा और गौरव का सवाल है। जैसे अजीत पवार ने बारामती में अपना सब कुछ दांव पर लगाया उसी तरह एकनाथ की इज्जत भी ठाणे और कल्याण दोनों सीटों पर पर दांव पर लगी हुई है। ठाणे उनकी कर्मभूमि है और कल्याण से दो बार सांसद रहे उनके पुत्र डॉ. श्रीकांत शिन्दे मैदान में हैं। यहां शिवसेना उद्धव की उम्मीदवार हैं वैशाली दरेकर राणे जो दो बार पार्षद रह चुकी हैं। कल्याण में प्रवेश करते ही साफ हो जाता है कि माहौल श्रीकांत के पक्ष में है। यहां के निवासी आम लोगों से श्रीकांत के संपर्क-सम्बन्ध पर फिदा हैं। वे मुंबई से बेहतर सड़क मार्ग का जिक्र करते हैं। लेकिन यहां अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और कल्याण का विकास चर्चा का विषय है।पर साथ ही मंहगाई का मुद्दा भी है। सुनील शहर में आटो चलाता हैं और बताता हैं कि वह उस पार्टी को वोट देंगा जो मंहगाई को कम कर सके और इसलिए उसका मानना है कि हवा तो मशाल की है।जैसा पूरे महाराष्ट्र का हाल है, वैसे ही इन उपनगरों में भी मंहगाई, बेरोजोगारी और स्थानीय उम्मीदवारों के खिलाफ एंटी इंकंबेंसी ज्वलंत मुद्दे हैं।

कानपुर में भाजपा के खिलाफ दहाड़े राहुल-अखिलेश : 2024 में पीएम नहीं बनेंगे मोदी

कानपुर। यहां 13 में को होने वाले लोकसभा चुनावमें बाजी करने के लिए भाजपा, बसपा सपा और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी क्रम में यहां इंडी गठबंधन की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज में चुनावी जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर दहाड़े। अखिलेश यादव ने कहा इसी राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से तय हो जाएगा कि सरकार बदलने वाली है। किसानों को गैर जरूरी नैनो यूरिया खरीदवा

दी गई। हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे। कानपुर को कामपुर बनाना हमारा लक्ष्य, सबको काम देना हमारी प्राथमिकता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा-नरेंद्र मोदी डर गए हैं। वे इसी डर के मारे अपने मित्रों से कह रहे हैं- अडाणी-अंबानी मुझे बचाओ। इंडी गठबंधन ने घेर लिया है। मैं हारने वाला हूं। राहुल ने दावा किया कि 2024 में मोदी पीएम नहीं बनेंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने करोड़ों युवाओं को बेरोजगार कर दिया। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से करोड़ों रुपए लिए। आप मर रहे थे और वो कह रहे थे कि थाली बजाओ और ताली बजाओ। नफरत को खत्म करने के लिए हमने मोहब्बत फैलाई है। कानपुर में राहुल ने कहा-पिछले 3 साल से हम मोदी के खिलाफ लड़ रहे हैं। यूपी में इंडी गठबंधन को 50 सीटें मिलेंगी। मेड इन कानपुर के सामने मेड इन चाइना नहीं टिक सकता। लेकिन मोदी जी ने अडाणी को फायदा पहुंचाया। जीएसटी, नोटबंदी कर उन्होंने कानपुर को खत्म किया। हाथ ही नहीं गला भी काटा। अडाणी के लिए हमारे बिजनेस खत्म कर दिए। अडाणी का 16 लाख करोड़ रुपए माफ किया। डिफेंस से लेकर सोलर इंडस्ट्रीज तक अडाणी को दे दी। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

भाजपा-महायुती के लोकप्रिय उम्मीदवार उज्वल निकम के रैली में उमड़ा जनसैलाब

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। भाजपा - महायुती के लोकप्रिय उम्मीदवार पद्मश्री अडॅ. उज्वल निकम जी का प्रचार रथ 175-कलिना विधानसभा क्षेत्र में महायुती की प्रचार महारैली आयोजित की। गिता विहार होटल के पास यह शुरु होकर पूरे कलिना में घुमें और इस रैली जनसैलब उमर पडा। इस अवसर पर कलिना विधानसभा अध्यक्ष चंद्रकांत मोरे जिल्हा उपाध्यक्ष अशोक सिंह अनिल उपाध्याय अजय बडगुजर मा नगर सेवक वसंत क्षिरसागर जिल्हा पंजाबी सेल के अध्यक्ष लिडर सिंग और महायुती सबी वरिष्ठ पदाधिकारी और महायुती के कार्यकर्ता हजारो की तादात में उपस्थित थे।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

15 करोड़ की कोकीन निगल गया अफ्रीकी यात्री

इसलिए तीन दिन पहले इन अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने वाले हर संदिग्ध विदेशी के सामान की तलाशी शुरू कर दी। आरोपी यात्री को अधिकारियों ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। उसके बैग की जांच करने पर अधिकारियों को उसमें कुछ नहीं मिला। लेकिन उसने कैप्सूल से कोकीन लाने की बात कबूल कर ली थी। इसलिए, जे जे. अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया। पिछले तीन दिनों में उनके पेट से 77 कैप्सूल निकाले गए और पता चला कि उनमें कोकीन थी। जब्त कोकीन की कीमत करीब 15 करोड़ रुपये है। इस घटना के बाद अधिकारियों ने उसके खिलाफ एनडीपीएस धारा के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कोकीन के बदले में उसे हवाई जहाज के टिकट के साथ कमीशन भी दिया जाना था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उन्हें कोकीन किसने दी और वह किसे देने वाले थे।

पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण का बड़ा बयान

दोनों विभाजन प्रधानमंत्री की स्पष्ट स्वीकृति से हुए। इसके पीछे भाजपा की मशीनरी थी। वे एमवीए की एकता से डरे हुए थे। वहीं क्या इसका फायदा भाजपा को होगा, इसपर उन्होंने कहा कि, दो दलों के विभाजन के बावजूद, भाजपा ज्यादा संख्या में सीटें नहीं जीत पाएगी। मतदान शुरू होने से पहले, मेरा विश्लेषण था कि एमवीए 48 में से लगभग 25 सीटें जीतेगी। 3 चरणों के बाद, मुझे उम्मीद है कि यह 30 से अधिक सीटें जीतेगी। दिवंगत बाला ठाकरे की बनाई शिवसेना महाराष्ट्र में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत रही है। हालांकि, आंतरिक मतभेदों और वैचारिक बदलावों ने पार्टी के भीतर विभाजन पैदा कर दिया। एकनाथ शिंदे ने एक गुट का नेतृत्व किया जो शिवसेना से अलग हो गया। इसे शिंदे गुट के नाम से जाना जाता है। वहीं दूसरा गुट उद्धव ठाकरे का बना जिसे शिवसेना (यूबीटी) के नाम से जाना जाता है। वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को भी आंतरिक विभाजन का सामना करना पड़ा है। शरद पवार के भतीजे अजीत पवार ने इस विभाजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अजीत ने एनसीपी छोड़ दी और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन से हाथ मिला लिया, जिससे एक नया गुट बन गया। शरद पवार के नेतृत्व वाला दूसरा गुट 'इंडिया' गठबंधन (कांग्रेस और उद्धव गुट) के साथ जुड़ा हुआ है।

अरविंद केजरीवाल को 51 दिन बाद राहत

फिर ट्रायल कोर्ट में बेल बॉन्ड भरा जाएगा, जिसके बाद ट्रायल कोर्ट रिलीज आर्डर तैयार करके तिहाड़ जेल प्रशासन को भेजेगा। ट्रायल कोर्ट का रिलीज ऑर्डर मिलने के बाद ही अरविंद केजरीवाल को जेल प्रशासन रिलीज करेगा बता दें कि केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद वह 10 दिन तक ईडी की हिरासत में रहे थे। एक अप्रैल को ट्रायल कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था।

खबर संक्षेप

वंदे भारत खाली, वैष्णव बोले- हो रही बुकिंग

नई दिल्ली। कांग्रेस की केरल इकाई ने दावा किया था कि वंदे भारत रेलगाड़ियों में सीट बुकिंग

केवल 50 प्रतिशत ही है। रेल मंत्री ने इस दावे का खंडन करते हुए गुरुवार कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में सीट बुकिंग 98 प्रतिशत है। अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, 'यह कांग्रेस के झूठ के बुलबुले को फोड़ने का समय है। 7 मई को वंदे भारत रेलगाड़ियों सीट बुकिंग 98 फीसदी रही।

नैनीताल हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर 'हंगामा'

नैनीताल। नैनीताल में मंडल मुख्यालय से हाई कोर्ट शिफ्टिंग के लिए जगह का चयन करने को

लेकर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने एकमत कहा कि हाई कोर्ट को नैनीताल से शिफ्ट न किया जाए। अगर कोर्ट के लिए जगह की कमी है तो सरकार से नैनीताल जिला मुख्यालय में शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल, टेलीफोन एक्सचेंज, कुमाऊं विवि की खाली भूमि का अधिग्रहण कर सकती है।

दाभोलकर हत्याकांड, 2 को उम्रकैद और 3 बरी

मुंबई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर नरेंद्र दाभोलकर की हत्या का मामला एक बार फिर चर्चा में है।



नरेंद्र दाभोलकर महाराष्ट्र में अंधविश्वास के खिलाफ आंदोलन चलाते थे, जिनकी 2013 में हत्या कर दी गई थी। पुणे की एक विशेष अदालत ने आज इस मामले में फैसला सुनाया। 5 आरोपी में से 2 को दोषी करार दिया। [illegible] कर

कन्नौज में गरजे राहुल, बोले- 22 लोगों के लिए काम करते हैं पीएम

गरीब परिवारों की महिलाओं को देंगे साल में एक लाख रु.

जयराम ने कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक होगा और सत्ता में गठबंधन की सरकार आ रही

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

राहुल गांधी ने एक चुनावी जनसभा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी 22 लोगों के काम करते हैं। जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर पैसा है।

इसके लिए इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है कि हम 22 अरबपति की जगह करोड़ों गरीब परिवारों को लखपति बनाएंगे। यूपी के कन्नौज लोकसभा से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं। जहां उनके समर्थन में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। इस योजना के तहत हम देश के गरीब करोड़ों परिवारों की एक सूची तैयार करेंगे। इस सूची में प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को चुना जाएगा। जिसके बाद उन महिलाओं के खाते में 8500 रु. हर महीने जमा किए जाएंगे। कन्नौज में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में 13 मई को होना है। जिसको लेकर सपा की चुनावी रैली आयोजित की गई।

राहुल ने अपने कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर कहा

जयराम बोले 2024 के परिणाम में दिखाई देगी 2004 वाली तस्वीर

भाजपा तो दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कम्युनिकेशन इंचार्ज जयराम रमेश का कहना है कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्थिति काफी कुछ साफ हो गई है। नरेंद्र मोदी अब निवर्तमान प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। यह चुनाव ऐतिहासिक होगा और सत्ता में गठबंधन की सरकार आ रही है। अगले चरणों में गठबंधन बहुमत में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल के पहले दौर के बाद, यह बहुत स्पष्ट हो गया था- दक्षिण में भाजपा साफ, उत्तर में भाजपा हाफ। 27 अप्रैल को दूसरे दौर के बाद, यह और भी स्पष्ट हो गया कि पूरे दक्षिण भारत में भाजपा का पूरी तरह से सफाया होने जा रहा है और भारत के उत्तर और मध्य भाग में, 2019 में इसकी संख्या आधी रह जाएगी। इसलिए 3 राउंड के अंत में हमने 2004 में जो देखा था 2024 में दोहराने जा रहे हैं। इंडिया अलायंस को स्पष्ट और ठोस बहुमत मिलने जा रहा है। रमेश ने कहा कि नोटबंदी पूरी तरह से एक आपदा थी, पूरी तरह से विफलता थी।

महाराष्ट्र के नंदुरबार में बोले पीएम मोदी

'आरक्षण' को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह

मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की

मुंबई हलचल / नांदुरबार

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महाराष्ट्र काफी अहम राज्य है। यहां पर कुल 48 लोकसभा सीटें हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोल ली है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। धर्म आधारित आरक्षण बाबासाहेब आंबेडकर के सिद्धांत के खिलाफ है।

कर्नाटक के मुसलमानों को रातों-रात पिछड़ा बना दिया

कर्नाटक के मुसलमानों को रातों रात पिछड़ा बना दिया गया। कांग्रेस कर्नाटक का मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहती है। ये महा विकास अघाड़ी आरक्षण के भक्षण का महाअभियान चला रही है। एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण बचाने मैं महायज्ञ कर रहा हूं। कांग्रेस लिख कर दे कि आरक्षण के टुकड़े- टुकड़े कर के उसका एक हिस्सा मुसलमानों को नहीं देगी।

किसने अपनी मां का दूध पीया है जो आपका हक छीन सकता है

पीएम ने कहा कि शहजादे के गुरु ने कहा कि राम मंदिर और रामनवमी का त्योहार भारत के विचार के खिलाफ है। जब तक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी में से आरक्षण का रत्ती भर भी हिस्सा मैं किसी भी धर्म का आधार पर नहीं देने दूंगा। कोई इसे हाथ नहीं लगा सकता। पीएम ने कहा कि मैं जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि वंचित का अधिकार है मोदी उसका चौकीदार है। उन्होंने कहा कि मोदी जैसा चौकीदार हो किसने अपनी मां का दूध पीया है जो आपका हक छीन सकता है।

सोनी बीबीसी अर्थ के हैंस जिमर स्पेशल और अन्य शो

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। इस बार मई महीने में सोनी बीबीसी अर्थ द्वारा कंटेंट की एक रोमांचकारी श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। इन कार्यक्रमों के साथ गर्मी का यह महीना इस चैनल पर रहस्य, साहसिक कारनामों और ज्ञान भरपूर होने वाला है। चैनल युद्धोत्तर विलक्षण व्यक्ति से लेकर एक हॉलीवुड लीजेंड बनने तक 'हैंस जिमर : अ हॉलीवुड रेबेल' के शानदार सफर, 'सीक्रेट्स ऑफ द सुपररेजर्स' में बुढापे को चुनौती देने के रहस्यों के साथ-साथ 'जोअन्नाज एंथोलॉजी सीरीज' में हमारे ग्रह के आश्चर्यों और मानवीय पलटाव की आकर्षक कहानियों के प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। 'सीक्रेट्स ऑफ द सुपरएजर्स' के द्वारा उम्र बढ़ने के रहस्यों से पर्दा हटाते हुए, माइकल मोजली बुढापे को मात देने वाले लोगों के रहस्यों की खोज करते हैं। इस खोज में वे चीन से लेकर इटली तक के उन असाधारण लोगों से मिलते हैं जिन्होंने अपने जीवन के स्वर्णिम वर्षों में शानदार जीवन शक्ति का प्रदर्शन किया है। यह शो जीवन, विविध आहारों और उनकी लम्बी आयु में योगदान करने वाले सांस्कृतिक व्यवहारों और खूबसूरती के साथ वृद्ध होने के विज्ञान पर विशिष्ट दृष्टिकोण की पड़ताल करता है। हर शनिवार एवं ररिवार को सुबह 09:00 बजे प्रसारित होने वाले इस

शो का प्रीमियर 18 मई को होगा। विविधतापूर्ण कंटेंट की श्रृंखला में दर्शक 'हैंस जिमर : अ हॉलीवुड रेबेल' में सिनेमा के उस्ताद, हैंस जीमर के शानदार जीवन और बेमिसाल कॅरियर के बारे में जानेंगे। इस शो में युद्धोत्तर विलक्षण जर्मन व्यक्ति की जीवन-यात्रा पर रोशनी डाली गई है, जिन्होंने फिल्म स्कोरिंग के लिए हॉलीवुड में प्रसिद्धि हासिल की। दर्शकों को फ्रोजन प्लेनेट के लिए प्रतिष्ठित स्कोर बनाने का पथ-प्रदर्शक संयोजन और रचनात्मक प्रक्रिया देखने का अवसर मिलेगा। इस शो में जिमर समकालीन सिनेमा को पहचान देने वाली सम्मोहक धुनों की गहराई में उतरते हैं। शो का प्रीमियर 19 मई को दोपहर 12:00 बजे और रात 9:00 बजे होगा। जिमर की लिगेसी की पथ-प्रदर्शक कहानी के बाद इस श्रृंखला में अगला शो है, 'जोअन्नाज एंथोलॉजी सीरीज'। इस संकलन में दर्शकों को सम्मोहक कहानियों की एक श्रृंखला देखने का अवसर मिलेगा। इसकी प्रत्येक कहानी अमेजन के वर्षावन की गहराई से लेकर हिमालय की चोटियों तक, हमारी पृथ्वी के चमत्कारों से पर्दा हटाती है। इसमें जोअन्ना लुम्लेज स्पाइस ट्रेल ऐडवेंचर, ग्रेट सिटीज ऑफ द वर्ल्ड, सिल्क रोड, और इंडिया सहित विभिन्न एपिसोड दिखाए जायेंगे। इस सीरीज का प्रसारण इस चैनल पर 20 मई को रात के 10:00 बजे से होगा। इस मई में सीक्रेट्स ऑफ द सुपरएजर्स, हैंस जिमर : अ हॉलीवुड रेबेल, और जोअन्नाज एंथोलॉजी सीरीज देखने के लिए अपने कैलेंडर पर तारीखें नोट कर लें - प्रसारण केवल सोनी बीबीसी अर्थ पर।

दस साल सत्ता में रहे बीआरएस दो राष्ट्रीय दलों के बीच संघर्ष करने को मजबूर

तेलंगाना: लोकसभा के सियासी जंग में भाजपा व कांग्रेस के बीच घमासान!

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में पिछले कुछ माह से बदली सियासी परिस्थियों के बीच ऐसे समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, जब आंध्र प्रदेश से अलग होते ही तेलंगाना में सत्तासीन हुई टीआरएस (अब बीआरएस) को दस साल बाद कांग्रेस के हाथों राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी।

पिछले लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीट लेने वाली टीआरएस इस बार लोकसभा चुनाव में दो राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस बीच होती चुनावी जंग में फंसती नजर आ रही है। सत्तासीन कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है, दूसरी ओर पिछले चुनाव में चार सीट जीतने वाली भाजपा के लिए कर्नाटक के बाद दक्षिण भारत में तेलंगाना में अपनी सियासी जमीन में लगातार विस्तार की संभावनाएं है। इस बार के. चन्द्रशेखर राव की बीआरएस को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

यहां ज्यादातर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही आमने सामने की चुनावी जंग हो सकती है। बीआरएस में इतनी तोड़फोड़ हुई कि दो तरफा संकट से घिरी केसीआर की भारत राष्ट्र समिति को इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस जैसी दो राष्ट्रीय दलों के बीच मुकाबले में रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यहां की सभी 17 लोकसभा सीटों पर बीआरएस ने अपने उम्मीदवर चुनाव मैदान में उतारे हैं, तो वहीं भाजपा और कांग्रेस भी सभी सीटों पर चुनावी जंग लड़कर अपनी ताकत झोंक रही हैं। एआईएमआईएम समेत विभिन्न दलों और निर्दलीय समेत 525 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

8 लाख युवा डालेंगे पहला वोट

तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए 3,17,17,389 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1,58,71,493 पुरुष, 1,58,43,339 महिला और 2,557 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। तेलंगाना में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 8,11,640 नए युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राज्य के मतदाताओं में 80 वर्ष से अधिक आयु के 4,43,943 तथा 5,06,493 दिव्यांग मतदाता भी वोटिंग के लिए अधिकृत है।

मल्काजगिरि सीट पर देश के सबसे ज्यादा मतदाता

मल्काजगिरि लोकसभा सीट पर मतदाताओं के आधार पर सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र हैं, जहां इस बार लोकसभा चुनाव के लिए 37,47,265 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना हुआ है, इनमें 19,29,471 पुरुष, 18,17,259 महिलाएं और 535 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं।

जातीय समीकरण

तेलंगाना राज्य की आबादी में हिंदू 85 फीसदी, 13 फीसदी मुस्लिम और 2 फीसदी ईसाई हैं। यहां सियासी जातीय समीकरण पर गौर की जाए, तो राज्य में ओबीसी 57 प्रतिशत और एससी 15.4 प्रतिशत और एसटी 9.5 प्रतिशत है। वहीं राज्य में 18 फीसदी सवर्ण और करीब 10 फीसदी आदिवासी समुदाय भी राजनीति में अहम योगदान देते आ रहे हैं। जातियों के लिहाज हिंदू धर्म में कापू 14 से 15 फीसदी हैं, तो मडिगा 9 फीसदी है।

इन सीटों पर दिग्गजों के बीच मुकाबला

यहां हैदराबाद, सिकंदराबाद, निजामाबाद, करीमनगर और मल्काजगिरी लोकसभा सीटों पर राजनीति के दिग्गजों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। हैदराबाद सीट पर सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जैसे दिग्गज को चुनौती देने भाजपा ने प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी माधवी लता को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी भाजपा प्रत्याशी के रुप में तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका मुकाबला कांग्रेस के दानम नागेन्द्र और बीआरएस के टी. पद्मा राव गौड से होगा। करीमनगर में भाजपा ने मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार को प्रत्याशी बनाया है।

इस कारण बढ़ा वोटिंग का समय

तेलंगाना में भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण हैदराबाद, करीमनगर, जहीराबाद, सिंकदराबाद, चेवेल्ला, नगरकर्नूल, भोंगिर, निजामाबाद ,मेडक, मल्काजगिरि, महबूबनगर और नलगौंडा सीट पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से 5 बजे के बजाए 6 बजे तक किया है। आदिलाबाद की पांच, पेद्दापल्ले की तीन, वारंगल की की छह, महबुबाद के तीन और खम्मन लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान क्षेत्रों के मतदान के लिए भी यही राहत दी है।

भारत को मिली बड़ी कूटनीतिक जीत

ईरान के कब्जे वाले जहाज से 30 दिन बाद रिहा हुए पांच भारतीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल से जुड़े हुए जहाज एमएसजी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था। ईरानी कमांडों के जरिए कब्जे में लिए जाने के एक महीने बाद जहाज पर सवार पांच भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। ये लोग अब ईरान से भारत के लिए रवाना हो गए हैं।

भारतीयों का रिहा होना भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। जहाज के क्रू मेंबर्स रहे इन लोगों को गुरुवार को रिहा किया गया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारतीयों की रिहाई की जानकारी दी। दूतावास ने बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद भी कहा है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि आज शाम

एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया गया है। वो ईरान से चले गए हैं। हम बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ घनिष्ठ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं।

13 अप्रैल को ईरान ने जहाज पर किया था कब्जा

ईरान ने 13 अप्रैल को इजराइल से जुड़े इस मालवाहक जहाज को जब्त किया था। इस जहाज में 17 भारतीय नागरिक सवार थे। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने इस जहाज को जब्त किया था। जहाज को आखिरी बार 12 अप्रैल को दुबई के तट से दूर होर्मुज जलडमरूमध्य की तरफ जाते हुए देखा गया था। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष एच. अमीर अब्दुल्लाहियन से फोन पर बात की थी और सभी 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई की मांग उठाई थी।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

रविवार 12 मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट, पहली बार दिखेगा यह नजारा

मुंबई हलचल/संवाददाता

गोपेश्वर। रविवार 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। सुबह छह बजे विधिविधान के साथ धाम के कपाट दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। अगले छह माह तक भक्त यहां भगवान बदरीश के दर्शन कर सकेंगे। बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं इस वर्ष कपाट खुलने के मौके पर सेना की बैंड धुनों के साथ ही पहली बार उत्तराखंड होमगार्ड विभाग के मस्कबाजे की धुन भी श्रद्धालुओं को सुनाई देगी। चमोली होमगार्ड के प्रभारी कमांडेंट दीपक कुमार भट्ट ने बताया कि होमगार्ड कमांडेंट जनरल केवल खुराना की पहल पर होमगार्ड के जवानों की मस्क बाजे की टीम तैयार की गई है। जो देहरादून में आयोजित कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। ऐसे में पहली बार विभाग ने बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के मौके पर टीम के प्रदर्शन की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि टीम की ओर से कपाट खुलने के साथ ही 12 से 14 मई तक धाम में मस्क बाजा की प्रस्तुति दी जाएगी।

बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने केदारनाथ धाम के किये दर्शन

बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने शुक्रवार को केदारनाथ धाम के दर्शन किए। जौलीग्रांट स्थित एसडीआरएफ हेलीपैड से रुद्राक्ष एविएशन के एमआइ-17 हेलीकाप्टर से अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी परिवार सहित केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुई। इसके बाद उन्होंने वहां दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद लिया और वापस जौलीग्रांट पहुंची। उनके साथ उनकी बहन फिल्म अभिनेत्री शमिता शेट्टी व उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। रुद्राक्ष एविएशन की ओर से प्रथम दिन बीस यात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। रुद्राक्ष एविएशन के सीइओ पीके छाबड़ी ने बताया कि रुद्राक्ष एविएशन की पहली उड़ान केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुई है। 12 मई से बदरीनाथ व केदारनाथ दोनों धामों के लिए यह सेवाएं प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम दिन फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी बहन, मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भगवान केदारनाथ धाम के दर्शन किए हैं।

सोना 950 रुपए प्रति दस ग्राम बढ़कर 73000 के पार

अक्षय तृतीया की मांग से सोना 950 रुपए मजबूत, चांदी 2300 रुपए उछली

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी। वैश्विक स्तर पर तेजी के रुख और अक्षय तृतीया के अवसर पर मजबूत घरेलू मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 950 रुपए चढ़कर 73,000 रुपए के स्तर को पार कर गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

हाजिर सोना 73200 रुपए प्रति 10 ग्राम

इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है।'

अमेरिकी आंकड़ों से सोने में आई तेजी

अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई। इससे यह विश्वास बढ़ा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष ब्याज दर में कटौती शुरू कर सकता है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

सोने का बंद भाव 52 डॉलर मजबूत रहा

गांधी ने कहा, 'अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खुदरा मांग बढ़ेगी, क्योंकि लोग सोने के सिक्के, छड़ और आभूषण खरीदेंगे।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है।

- सोना-चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों से गिरावट रही
- चांदी 2300 रुपए उछलकर 85,500 रुपए प्रति किलोग्राम
- अक्षय तृतीया के अवसर पर खुदरा मांग में हुई वृद्धि

सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़ा

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था। इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया।

चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा उपभोक्ता

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच फीसदी से अधिक : *स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।*

टीबी रोग जड़ से हो जाएगा खत्म
लक्षण पहचान ऐसे करें इलाज

मायकोइक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण फैलने वाला टीबी एक संक्रमण रोग है। पेट, किडनी, रीढ़ की हड्डी या ब्रेन में टीबी होना आजकल बहुत आम हो गया है। इसके कारण मरीज को सीने में दर्द, भूख न लगना, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, तेज खांसी, कफ और बुखार होने लगता है। इस रोग का शुरूआती इलाज न करने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। परिवार में किसी एक सदस्य को यह रोग होने पर बाकि लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर बच्चों को ऐसे रोगी से दूर रखें। क्योंकि सिर्फ खांसने और छिकनें से भी यह जीवाणु एक से दूसरे व्यक्ति तक पहुंच जाते है। एक रिसर्च के अनुसार हर साल 4,00,000 लोग लापरवाही के कारण इस बीमारी की चपेट में आ जाते है। इस रोग के होने पर आप डॉक्टरों की दवाओं के साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं, जिससे यह रोग जल्द से जल्द दूर हो जाएगा। तो आइए जानते है टीबी के घरेलू नुस्खें और लक्षण , जिससे आप इस बीमारी को दूर कर सकते है।

टीबी के लक्षण

3 हफ्ते तक लगातार खांसी
भूख न लगना
वजन कम हो जाना
बुखार और ठंड लगना
लगातार खांसी के साथ बलगम व खून निकलना
सांस लेने में तकलीफ
गर्दन की ग्रंथियों में सूजन
सीने में दर्द
थकान, कमजोरी

टीबी रोग के घरेलू उपाय:-

1. लहसुन
सल्फ्यूरिक एसिड से भरपूर लहसुन टीबी के कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है। इसके लिए आधा चम्मच लहसुन, 1 कप दूध और 4 कप पानी को एक साथ उबालें। इसे दिन में 3 बार पीने से टीबी रोग दूर हो जाता है।

2. शहद
200 ग्राम शहद, 200 ग्राम मिश्री, 100 ग्राम घी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। दिन में 2-3 बाद इसे टीबी मरीज को चटाए और इसके बाद गाय या बकरी का दूध पिला दें। इससे टीबी जड़ से खत्म हो जाएगी।

3. पीपल के पत्ते
पीपल के पत्तों को जलाकर इसकी 10 ग्राम राख को 20 ग्राम तक बकरी के गर्म दूध में मिक्स करें। इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर रोजाना पीएं। टीबी रोग हमेशा के लिए दूर हो जाएगा।

4. संतरा
टीबी रोग होने पर ताजा संतरे के जूस में नमक और शहद मिलाकर रोजाना सुबह-शाम पीएं। इसके अलावा संतरा खाने से भी टी बी के रोगी को फायदा होता है।

5. काली मिर्च
फेफड़ों में जमा कफ और खांसी को दूर करने के लिए थोड़े से मक्खन में 8-10 काली मिर्च फ्राई करके इसमें 1 चुटकी हींग मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण को तीन बराबर भागों में बांटकर दिन में 7-8 बार लें।

6. हींग
1 चुटकी हींग में आधा कप प्याज का रस मिलाएं। रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन टीबी रोग को 1 हफ्ते में ही दूर कर देता है।

Dark lips की वजह से न हो शर्मिंदा, अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

चेहरे की खूबसूरती में होंठों की एक अहम भूमिका होती है। वहीं गुलाबी होंठ पाना हर किसी की तमन्ना होती है लेकिन प्रदूषण के कारण होंठ ड्राई होने लगते है। ड्राईनेस के कारण धीरे-धीरे होंठों का रंग भी काला होने लगता है। यह प्रॉब्लम ज्यादातर सर्दियों में होती है। दरअसल, सर्दी के मौसम में हम पानी कम पीते है जिसके कारण होंठ ड्राई होने लगते है। इसके अलावा ठंडी हवाओं से भी होंठों में नमी कम होने लगती है। आज हम आपको बताते हैं कि आखिर क्यों होंठों का रंग काला हो जाता है और कैसे आप अपने होंठों को नैचुरली तरीके से गुलाबी कर सकते है।

होंठ काले होने के कारण
वैसे तो होंठों का रंग काला होना आम है लेकिन कई बार इसके कारण हमें दूसरों के सामने शर्मिंदा होना पड़ता है खासकर महिलाओं को। सूर्य की किरणों, डाइट में पौष्टिक आहार न लेना, पानी कम पीना, ज्यादा ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करना, चाय व काफी का अधिक सेवन करना या फिर धूम्रपान के कारण होंठों का रंग काला हो जाता है।

होंठों का कालापन दूर करने के घरेलू नुस्खे

1. नींबू का रस
नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें मौजूद ब्लीचिंग गुण कालापन दूर करने में मदद करते है। नींबू के रस में थोड़ा-सा पानी मिलाकर होंठों पर लगाने से कुछ ही दिनों में कालापन दूर होगा।

2. शहद
शहद नैचुरली मॉइस्चॉइजर के रूप में काम करता है। थोड़ा-सा शहद लेकर अपने होंठों पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। रोजाना ऐसा करने होंठों का रंग गुलाबी होगा।

3. दूध और गुलाब की पंखुड़ियां
पुराने समय में होंठों को गुलाबी बनाने के लिए दूध और गुलाब के

पेस्ट का इस्तेमाल किया जाता था। इसके लिए कच्चे दूध में कुछ गुलाब की पंखुड़ियां डालकर अच्छे से पीस लें फिर इस पेस्ट को होंठों पर लगाएं। कुछ दिन लगातार ऐसा करने से आप खुद ही फर्क महसूस करेंगे।

4. चीनी का स्क्रब
होंठों का कालापन दूर करने के लिए चीनी का स्क्रब भी काफी फायदेमंद है। इससे डेड स्किन दूर होगी। इसके लिए एक टीस्पून चीनी में एक टीस्पून शहद मिलाकर अच्छे से मिक्स करें और फिर होंठों पर लगाएं। बाद में पानी से धो लें।

5. चुकंदर
चुकंदर का नैचुरली रंग लाल होता है। इसकी स्लाइस होंठों पर रगड़ें। इससे होंठों का कालापन दूर होगा। इसके अलावा इसका जूस पीना भी काफी फायदेमंद है।

6. जैतून का तेल
जैतून का तेल स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। होंठों पर जैतून का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इससे होंठ गुलाबी होंगे।

इस तरह करेंगे नारियल तेल का इस्तेमाल तो सर्दियों में भी चमकेगी त्वचा

नारियल तेल का इस्तेमाल खाना बनाने से लेकर ब्यूटी बढ़ाने तक किया जाता है। ये एक ऐसा तेल है जो हर घर में आसानी से मिल जाता है। वहीं, त्वचा के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं। सर्दियों में इसका इस्तेमाल करने से ड्राई स्किन जैसी कई स्किन प्रॉब्लम्स दूर होती है। आज हम आपको बताते हैं कि कैसे आप नारियल तेल से अपनी स्किन खूबसूरत बना सकते है।

1.बॉडी स्क्रब बनाएं
अगर आप चाहते है कि आपकी त्वचा भी सेलिब्रिटी की तरह दमकती रहें तो नारियल तेल में शक्कर मिलाकर बॉडी पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर बाद धो लें। इस स्क्रब के रोजाना इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर चमकदार बनेगी।

2. मेकअप रिमूवर
नारियल तेल को सबसे अच्छा और प्राकृतिक क्लींजर माना जाता है। यह आपका मेकअप हटाने के साथ-साथ त्वचा में जमी गंदगी और बैक्टीरिया को भी हटाता है। एक कॉटन पैड पर नारियल तेल लगाकर मेकअप रिमूव करें।

3. बालों के लिए संजीवनी बूटी
बालों को घना,चमकदार और खूबसूरत बनाने में नारियल तेल चमत्कारी रूप से काम करता है। यह बालों को दिन भर की धूल-मिट्टी व अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाता है।



सप्ताह में दो से तीन बार अगर आप इस तेल को गुनगुना करके बालों की जड़ों में मसाज करते है तो दो मुंहे बालों की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

4. त्वचा के लिए फायदेमंद
नारियल का तेल एक बेहतरीन प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है। यह आपकी त्वचा को डिटॉक्सीफाई करता है और प्रदूषण से बचाता है। अगर आप चाहते है कि बदलते मौसम में भी आपकी त्वचा स्वस्थ रहे तो नहाने के बाद नियमित रूप से त्वचा पर नारियल तेल लगाएं।

5. प्राइमर
नारियल तेल को आप मेकअप प्रॉडक्ट की तरह भी इस्तेमाल कर सकते है। फाउंडेशन लगाने से पहले नारियल तेल की कुछ बूंदे प्राइमर के तौर पर लगाएं। यह फाउंडेशन के लिए बेस का काम करेगा साथ ही आपके चेहरे को पूरा दिन मॉइश्चराइजर भी प्रदान करेगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

दीपिका के पास इस समय हैं 5 बेहतरीन फिल्में

दीपिका पादुकोण के पास इस समय 5 बेहतरीन फिल्में हैं। दीपिका पादुकोण सभी शैलियों की बड़ी फिल्मों के साथ दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। वह एक रोमांटिक ड्रामा से जासूसी थ्रिलर, साई-फाई, कॉमेडी-ड्रामा और पौराणिक कथाओं के साथ तैयार हैं। एक के बाद एक, बिना ब्रेक लिए। हाल ही में दीपिका, शकुन बत्रा की अगली फिल्म की शूटिंग के लिए देखी गई। हमेशा की तरह सहज दीपिका ने बताया, सेट पर वापस आना और मुझे वही करना बहुत अच्छा लगता है जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है- कैमरे के सामने अपनी कला को प्रदर्शित करना। वह वर्तमान में अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह आगे कहती हैं, इस समय मेरे पास कई फिल्में हैं इसलिए ब्रेक की कोई गुंजाइश ही नही है। मेरी सभी फि ल्में पहले ही तय हो चुकी हैं और उन पर निर्णय भी लिया जा चुका है, लेकिन मैं अभी उन सभी के बारे में बात नहीं कर सकती।

डबल रोल निभाएंगे अक्षय

एक्टर अक्षय कुमार एक बार फिर डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ काम करने जा रहे हैं। अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि यह एक बड़े बजट की साइंस फिक्शन फिल्म होगी। यही नहीं, अक्षय कुमार इसमें डबल रोल में नजर आएंगे। खबर के मुताबिक मिशन मंगल की सफलता के बाद अक्षय कुमार के लिए जगन शक्ति को इस नए प्रोजेक्ट के डायरेक्टर के रूप में लेना एक आसान विकल्प था। जगन शक्ति और अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म का टाइटल अभी तक तय नहीं हुआ है, लेकिन इतना पक्का है कि यह बड़े बजट की एक धमाकेदार साइंस फिक्शन फिल्म होगी। फिल्म में शानदार वीएफएक्स वर्क होगा, जिसके लिए अक्षय कुमार ने बजट की सभी सीमाएं हटा दी हैं। सूत्र ने यह जानकारी भी दी है कि जगन शक्ति की फिल्म में अक्षय कुमार डबल रोल निभाते दिखेंगे। दोनों ही किरदार काफी अलग होंगे।

कैटरीना कैफ को लेकर अली अब्बास जफर बनाएंगे फिल्म

मेरे ब्रदर की दुल्हन और टाइगर जिंदा है के बाद कैटरीना कैफ और अली अब्बास जफर एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। यह एक सुपरहीरो फिल्म होगी। बॉलीवुड में पहली बार ऐसी सुपरहीरो फिल्म बनने जा रही है जिसमें लीड रोल में एक फीमेल एक्टर हैं। कैटरीना कैफ की इस फिल्म का नाम भी तय हो गया है। फिलहाल फिल्म का प्री-प्रोडक्शन वर्क चल रहा है। फिल्म को कई देशों में फिल्माया जाएगा। अबू धाबी, दुबई, पोलैंड, जॉर्जिया और भारत के उत्तराखंड में फिल्म की शूटिंग होगी। अली अब्बास जफर कई लोकेशन्स फाइनल कर चुके हैं। फिल्म में कोई हीरो नहीं होगा। अली के अनुसार फिल्म में पुरुष हीरो की जरूरत ही नहीं है और न ही फिल्म में रोमांटिक ट्रेक होगा। कैटरीना के कंधों पर ही फिल्म का भार होगा। कैटरीना कैफ जल्दी ही मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग शुरू करने वाली हैं। उन्हें फिट दिखने के लिए भी मेहनत करना होगी। कैटरीना ने तैयारियां शुरू कर दी है। फिल्म की शूटिंग अगले साल से शुरू होने वाली है।